भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 646

उत्तर देने की तारीख : 03.12.2025

अल्पसंख्यक संबंधी शैक्षणिक संस्थानों को सहायता

646. **श्री मोहिब्बुल्लाह:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों को प्रदान की गई सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ख) अल्पसंख्यक संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) सरकार द्वारा अल्पसंख्यक संस्थानों के लिए संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) अल्पसंख्यक संबंधी शैक्षणिक संस्थानों के विकास हेतु सरकार की भविष्य की योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ): अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सशक्तिकरण के लिए देश भर में मैट्रिक-पूर्व, मैट्रिकोत्तर और मेरिट-सह-साधन छात्रवृत्ति योजनाओं सहित विभिन्न योजनाएँ लागू की हैं।

भारत में ये छात्रवृत्तियां राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (NCVT)/कॉलेज/विश्वविद्यालय से संबद्ध सरकारी या निजी स्कूल/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय/औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों/औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्रों में अध्ययन के लिए प्रदान की जाती हैं, जिनमें ऐसे आवासीय सरकारी संस्थान और पात्र निजी संस्थान भी शामिल हैं, जिन्हें संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पारदर्शी तरीके से चयनित और अधिसूचित किया जाता है।

*****